तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 4 अगस्त 2025

9 नई पीढ़ी को हमारे इतिहास से जोड़ने का एक प्रयास...



10 सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का फायदा मिल...



## सोमवार को ओपीडी पहुंचती है दो हजार पार

# आज सरकारी अस्पताल आएं जरा संभल कर, सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी रहेंगे हड़ताल पर, एमजेंसी सेवाएं रहेंगी सुचारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अगर आज आप सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए आ रहे हैं तो आपको दस से 11 बजे तक स्वासथ्य सेवाओं से मरहूम रहना पड़ सकता है। हालांकि इमरजैंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाएं उपलब्ध होंगी लेकिन जनरल ओपीडी, दवा वितरण सहित अन्य कई तरह के कार्य ठप रहेंगे। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग की हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन, दंतक सर्जन एसोसिएशन, लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन, एनएचएम कर्मचारी संघ एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन सहित सभी श्रेणी के अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशनों ने लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजिरी के विरोध में लिया है। सोमवार को सुबह दस बजे से 11 बजे तक स्वास्थ्यकर्मी हडताल पर रहेंगे। ऐसे में मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एचसीएमए एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, राममेहर वर्मा ने बताया कि निजता और गोपनीयता को हनन करने वाली लोकेशन आधारित हाजिरी व्यवस्था को बंद करवाने के लिए पूरे हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी व कर्मचारी एक मंच पर आकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। सोमवार के आंदोलन के लिए सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई हैं। पिछले दो महीने से स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम व मिलकर जियो फेंसिंग हाजिरी को बंद करने की अपील की जा चुकी है लेकिन सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है। जिसका जवाब चार अगस्त को काम बंद कर कर दिया जाएगा।अधिकारी व कर्मचारियों पर सरकार के द्वारा आंदोलन जबरन थौंपा जा रहा है। इसलिए कोई विकल्प नहीं बचा। सोमवार को काम छोड़ो आंदोलन के माध्यम से भी सरकार से अपील करेगी कि जियो फेंसिंग व्यवस्था को वापस ले नही तो आंदोलन को आगे बढ़ाना मजबूरी होगी।



जींद। नागरिक अस्पताल जींद। फोटो : हरिभूमि

### हड़ताल के दौरान निभाया जाएगा नैतिक फर्ज

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सक अपना नैतिक फर्ज निभाएंगे। सभी अस्पतालों में एमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा जाएगा। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

### सोमवार को दो हजार पार पहुंचती है ओपीडी

आम दिनों की बजाए सोमवार को ओपीडी दो हजार पहुंचती है। ऐसे में एक घंटे के लिए ओपीडी व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं बंद रहने से परेशानी होगी। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर दो हजार तक पहुंच जाती है। सोमवार को अस्पताल खुलने के साथ ही मरीज पहुंचना शुरू हो जाते हैं।

### एमरजेंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा जाएगा

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की एक घंटे की हडताल है। इसे लेकर जानकारी उच्च अधिकारियों को उपलब्ध करवा दी गई है। अस्पताल में एमरजैंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 60 वर्षीय बुजुर्ग का मिला शव, नहीं हुई पहचान

**कैथल।** नरड़ व सेगा गांव के बीच रविवार सुबह के समय नहर से करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला है। मृत व्यक्ति पूंडरी या ढांड की ओर से नहर में बहकर आया। वहीं पास में कपड़ों व सामान से भरा एक बैग भी मिला। जैसे ही गांव के लोगों ने नहर में शव को देखा तो तुरंत तितरम थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी।पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया।



### अखिल भारतीय किसान सभा की हुई बैठक

**नरवाना।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणाए जिला जींद की जिला कार्यकरिणी की मीटिंग जिला प्रधान मास्टर चांद बहादुर की अध्यक्षता में भगत सिंह अध्यन केंद्र नरवाना में आयोजित की गई ए जिस में मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ए उप प्रधान फूल सिंह ए श्योकदं एराज्य कोषाध्यक्ष डिम्पल, जिला सचिव बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह तहसील प्रधान उचाना, दलबीर सिंह तहसील नरवानाए जोधा राम, एक्स सरपंच,शीशपाल गुलाडी, सतबीर खरल, रामप्यारीए अनीता कर्मगढ़ आदक रहे।

### पंजाबी सेवा सदन ने किया राशन का वितरण

**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। शुरुआत में मां वैष्णो बाला जी सेवा समिति के नव निर्वाचित प्रधान सुरेश अरोड़ा को बधाई व शुभ कामनाएं दी गई जो तीसरी बार प्रधान बने हैं। सुरेन्द्र अरोड़ा को बेटे की शादी की बधाई व शुभकामनाएं दी गई।प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया।

## गांव,गरीब तथा किसान कल्याण पर फोकस कर बनाई जा रही योजनाएं

# हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी प्रदेश की नायब सरकारः मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार की आमजन की सरकार है। सभी विकास परियोजनाएं तथा जन हितैषी नीतियां गांवए गरीब तथा किसान के कल्याण पर फोकस रखते हुए क्रियान्वित की जा रही है। विकास कार्यों के लिए निर्धारित बजट का एक. एक पैसा पारदर्शिता के साथ खर्च हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को विधानसभा हलका के गांव नारायणगढ़ में आयोजित ग्रामीण सभा को सम्बोन्धित कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर कैबिनेट मंत्री ने विकास घोषणाओं की झडी लगाते हुए कहा कि करीब 18 करोड़ रूपये की लागत का बड़ा प्रौजेक्ट सरकार द्वारा हाल ही में मंजूर किया गया है। इस प्रौजेक्ट के तहत नारायणगढ़ सहित रेवरए पदार्थ खेड़ा तथा ढाबी टेक सिंह के ग्रामीणों को निकट भविष्य में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी डॉण बी आर अम्बेडकर भवन निर्माणए बिजली लाईन बदलवानेए पाईप लाईन बदलवानेए खेतों ए ढाणियों के रास्ते को पक्का करनेए लाईब्रैरीए कम्यूनिटी सैंटरए सभी चैपालों का निर्माणए शमषान घाट की चार दिवारी व मुख्य द्वारए पार्क का निर्माणए पंचायत भवन व आंगनवाड़ी भवन निर्माणए स्टेडियम निर्माण तथा ज्योतिभाई फूले भवन निर्माण सहित सभी मांगों को पूरा करवाने का आष्वासन दिया। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को जल्द ही एस्टिमेंट बनाने के लिए कहा और बताया कि इन सभी कार्यों पर करीब 2 से अढ़ाई करोड़ रूपये खर्च आएंगे। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ग्रामीण विकास के लिए पैसे की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का सपना समाज के आखिरी पायदान पर बैठे गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही मौजूदा राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि आगामी 17 अगस्त को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नरवाना यहां सरपंच केवल, साधु राम सैनीए मांगे राम सैनी, पूर्व विधायक पीरथी नंबरदार, बलदेव वाल्मीकि, मंडलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, दिनेश गोयल, सुरेंद्र हथो, रिछपाल शर्मा,कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीर चन्द, जसवीर नैन एवं मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा आदि मौजूद रहे।


जींद। मंत्री बेदी को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो : हरिभूमि


जींद। रक्तदाता का हौंसला बढाते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

### संत निरंकारी भवन में लगे शिविर में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बढ़ाया रक्तदाता का हौंसला

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सच्चे जन प्रतिनिधि का एक मात्र धर्म जनसेवा होता है। निस्वार्थ भाव से जनभावनाओं के अनुरूप जनहित के कार्य करवाना और आमजन की समस्याओं का समाधान करना ही सच्चे एवं सार्थक जनसेवक की पहचान होती है। नरवाना की जनता ने गत विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाते हुए उन पर जो विश्वास जताया उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मौजूदा राज्य सरकार में प्रदेश के निष्पक्ष तरीके से सभी इलाकों का संतुलित एवं बराबर विकास हो रहा है। रविवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशनए नरवाना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया किया गया जिसमें 200 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि मनुष्य जीवन नश्वर है यह शाश्वत सत्य हैए लिहाजा प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।


जींद। रानी तालाब की दीवार जो कभी भी गिर सकती है। फोटो : हरिभूमि

### अर्जुन स्टेडियम की दीवार खतरे में, हादसे की आशंका

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि अर्जुन स्टेडियम की दीवार गिरने को है और यहां कभी भी बडा हादसा हो सकता है। गोयल ने जींद के डीसी से इस दीवार को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। गोयल का कहना है कि जींद के अर्जुन स्टेडियम की मुख्य दीवार बेहद जर्जर स्थिति में है और किसी भी समय गिर सकती है। यह दीवार रानी तालाब मंदिर के सामने स्टेडियम के मुख्य गेट के पास स्थित है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। गोयल का कहना है कि दीवार की हालत इतनी खराब है कि जरा सी हलचल से भी इसके गिरने का खतरा है। यह जगह सार्वजनिक है, जहां रोजाना बच्चे, बुजुर्ग और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में आते हैं। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा टलना मुश्किल होगा। गोयल ने इस संबंध में गहरी चिंता जताते हुए डीसी से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर जर्जर दीवार की मरम्मत करवाने की मांग की है।


कैथल। राजौंद के मुख्य मार्ग का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### बरसात से कई गलियां हुई जलमग्न

**राजौंद।** राजौंद में रविवार शाम 5 बजे के आसपास हुई बरसात से कई गलियों में पानी भर गया। जिससे गलियों से निकलना भी मुश्किल हो गया।हालांकि प्रशासन लगातार पानी निकासी के दावे कर रहा है लेकिन थोड़ी सी बरसात में ही पानी निकासी न होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं राजौंद के कैथल असंध मार्ग पर तो इस बरसात से लोगों को टूटी हुई सड़क से गुजरते समय कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर दुकानदारों ने बताया कि आए दिन हल्की सी बरसात के साथ ही दुकानों के आगे पानी व कीचड़ भर जाता है। जिससे पूरा दिन उनका काम धंधा भी चोपट हो जाता है। उन्हें न चाहते हुए भी मंदी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।



कैथल। सी आई ए -1 पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## चोरों के कब्जे से 4 की बाइक, एक स्कूटी, 2 मोबाइल फोन बरामद

■ सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन थाना क्षेत्र एक मकान से बाइक व मोबाइल फोन चोरी मामले में सी आई ए-1 पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करके 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि दौरान आरोपी के कब्जे से 4 चोरी की बाइक, एक स्कूटी, 2 मोबाइल फोन व 2 गैस सिलेंडर बरामद की गई है। डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने जानकारी देते हुए बताया की गांव रामनगर भूना निवासी एक महिला की शिकायत अनुसार 29 जुलाई की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति उनके मकान में घुसकर अंदर खड़ी बाइक व एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया। डीएसपी ने बताया की एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह टीम द्वारा करते हुए 31 जुलाई को आरोपी मांडी सदरा निवासी बूटा सिंह को गिरफ्तार किया गया था, जिसका व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड अवधि दौरान आरोपी बुटा सिह ने पुछताछ पर बतलाया कि वह नशा करने का आदि है और उसने रामनगर भुना से उपरोक्त मामले में मोटरसाईकिल व मोबाईल फोन चोरी किया है। जो उसके कब्जे से उक्त बाइक व फोन बरामद कर लिया गया। इसके अतिरिक्त आरोपी बुटा सिंह उपरोक्त ने सीवन व चीका थाना के एरिया से मोटरसाईकिल, स्कुटी व गैस सिलैण्डर चोरी करने बारे कबुल किया है। आरोपी बुटा सिह के कब्जे से 3 अन्य चोरी की बाइक व एक स्कूटी बरामद की गई।

## जींद रोड पर बने गहरे गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क का हुआ समाधान

राजौंद। जींद रोड पर बने गहरे गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क पर वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवती ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवाया। जिस पर संबंधित विभाग ने कार्य करते हुए जेसीबी मशीन के साथ गड्ढे पर स्लैब रखवा कर व उबड़-खाबड़ सड़क को ठीक करवा दिया। इस बारे वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवती ने बताया कि उन्होंने जैसे ही लोगों की इस समस्या को समाचारपत्रों के माध्यम से पता चला तो इस बारे संबंधित विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों से संपर्क किया और इस समस्या का समाधान करने के लिए कहा। जिस पर विभाग के अधिकारों ने संज्ञान लेते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान करके लोगों को इस समस्या से निजात दिलवाई। उन्होंने बताया कि काफी दिनों से जींद रोड पर गहरा गड्ढा था और सड़क भी कई स्थानों से उबड़-खाबड़ थी। जहां कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो चुके थे। इस दौरान अंकित चौहान पार्षद प्रतिनिधि, बृजपाल भट्ट, सुनील कुमार,शमशेर, अमीत कुमार, पवन कुमार, केहर सिंह,जनक राणा,नानक फौजी सहित कई अन्य लोगो ने पार्षद व विभाग का आभार व्यक्त किया।


कैथल। जींद रोड पर पार्षद द्वारा जेसीबी मशीन मंगवाकर गहरे गड्ढे पर पत्थर रखते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक : डीसी प्रीति

■ सी सोलर सिस्टम लगाकर ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा करने में खुद को बनाएं सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा। यानि केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी।

**तैयारी** | 11 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे कार्यक्रम में मुख्यअतिथि

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर ललित बत्तरा ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 14 अगस्त को आयोजित होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ललित बत्तरा ने जींद में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। ललित बत्तरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त को जींद में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता व आमजन बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। वहीं 14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के सभी विधायक व मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे। इस स्मृति दिवस का उद्देश्य 1947 के भारत-पाक बंटवारे की विभीषिका को याद कर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने उस समय अपनी जान की कुर्बानी दी थी।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, डा. राज सैनी, महामंत्री जितेंद्र रोड, पुष्पा तायल, रूद्राक्ष मिड्ढा, गऊ सेवा आयोग के चेयरमेन श्रवण गर्ग, कैप्टन योगेश बैरागी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जींद राकेश बैरागी हाट सहित कई भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।


जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ललित बत्तरा। फोटो : हरिभूमि

### नई पीढ़ी को जागरूक करने का किया कार्य

*बत्तरा ने बताया कि यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र की पावन धरा से शुरू हुई एक ऐतिहासिक पहल का हिस्सा है, जिसने इस दर्दनाक इतिहास को भुलाए बिना नई पीढ़ी को जागरूक करने का कार्य किया है। फरीदाबाद कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में एक विशाल प्रदर्शनी, बंटवारे की घटनाओं पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म और अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि देश व प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में भाग लेंगे। वहीं कार्यक्रम में आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिससे किसी को कोई असुविधा न हो। ललित बत्तरा ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन से जोड़ें ताकि यह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक स्मृति बन सके।*

**खबर संक्षेप**

### सैनी धर्मशाला में लगा रक्तदान शिविर

**जींद ।** युवा मित्र मंडल जींद द्वारा सैनी धर्मशाला पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 251 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा, जिला महामंत्री पुष्पा तायल, नीरज मिगलानी एवं अन्य शहर के काफी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रह। कैंप का आयोजन युवा मित्र मंडल जींद की महिला विंग द्वारा किया गया।

### पवन फौजी बने आप के प्रदेश संयुक्त सचिव

**उचाना ।** आम आदमी पार्टी द्वारा जारी की गई प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में उचाना विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार रहे पवन फौजी को बड़ी जिम्मेदारी दी। पवन फौजी को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर पवन फौजी ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता का आभार प्रकट किया गया। फौजी ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसको वो निष्ठा से निभाने का काम करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोडऩे के साथ-साथ संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। आज भाजपा के विकल्प के रूप में देश के मतदाता आप को देख रहे है। दिल्ली में बेशक भाजपा सत्तासीन हो गई हो लेकिन आज भी दिल्ली के लोग पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल को याद कर रहे है।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**उचाना ।** शिरडी सांई स्कूल डाहोला खेड़ा पौधरोपण करने का संदेश देते हुए फल, छायादार पौधे लगाए। स्कूल संचालक मदन लाल जेई ने कहा कि प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। प्रदूषण के बढऩे से बेमौसमी बारिश, अधिक गर्मी एवं आमजन को स्वास्थ्य को लेकर समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर प्रिंसिपल सत्यवान शास्त्री, ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान अनिल कुमार मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए कारगर

# सर्वखाप जन कल्याण मंच किसान यूनियन के कई अहम प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद ।** कार्यकर्ताओं के साथ टेकराम कंडेला। फोटो : हरिभूमि

सर्वजातिय पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने रविवार को मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की जो योजना चलाई है यह एक सराहनीय कदम है। किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसमें बढ़ोत्तरी की जाए, अब जो किसान रह गए हैं उन सभी को इसमें जोड़ा जाए। इस स्कीम को कृषि के साथ जोड़ा जाएद्ध प्राकृतिक खेती वह मोटी खेती को बढ़ावा दिया जाए। पर्यावरण बचाने के लिए हर पदाधिकारी को पांच-पांच पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। किसान संगठन जन कल्याण मंच लंबे समय से किसानों व सामाजिक मुद्दों पर पूरी तरह से राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि सहकारी बैंकों के जो ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं उन की सीमा डेढ़ लाख से बढ़ा कर पांच लाख की जाए व बैंक के नए एम सील बनाए जाएं। जिसमें ज्यादा से ज्यादा किसान जुड़ सकें। पंचायत भवनों को जैसे पंचकूला, चंडीगढ़ में किसानों को विशेष राहत दी जाए। उन्होंने गंदे पानी की निकासी पर बोलते हुए कहा कि गांव में सीवरेज सिस्टम को अच्छे से लागू किया जाए। गांव की फिरनी का बजट मंजूर कर रखा है, उसके कार्य में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को आने-जाने की असुविधा न हो। कंडेला ने इन सभी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा, जिला उपायुक्त को जल्द ही अवगत करा दिया जाएगा। बैठक में प्रवक्ता सुल्तान सिंह कंडेला, अजमेर सिंह दालमवाला, हजूरा सिंह, ओमप्रकाश कंडेला, वेद प्रकाश कंडेला, प्रेम सिंह कंडेला, लीला, रामकिशन आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

**हमारा संगठन हर जिले में नशा मुक्ति के लिए पूरी तरह प्रयासरतः कंडेला**

कंडेला ने नशा मुक्ति पर बोलते हुए कहा कि हमारा संगठन हर जिले में नशा मुक्ति के लिए पूरी तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने गांव के विकास के बारे में बोलते हुए कहा कि हमारे गांव कंडेला की सीएससी का बजट कई महीनों से मंजूर कर रखा है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि इसका कार्य जल्दी शुरू किया जाए। उन्होंने गवर्नमेंट स्कूल कंडेला के बारे में बोलते हुए कहा कि इसको अपग्रेड करते हुए बीए, बीएड कॉलेज में तबदील किया जाए। कंडेला गांव एक ऐतिहासिक गांव है। इसका शहर की तर्ज पर बढ़िया तरीके से विकास किया जाए। गंगा पुत्रा अस्पताल से वाल्मीकि बस्ती तक सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएं व बिजली की लाइट लगाई जाए। अगर यह लाइट पहले लगाई होती तो गांव में जो पांच भैंसें चोरी हुई हैं, यह घटना नही घटती।


**जींद ।** शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।

## रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सृष्टि फाउंडेशन ने समाज सेवा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए रविवार को सेवा सदन में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त इक_ा करके इतिहास रच दिया। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही की। उन्होंने सृष्टि फाउंडेशन संस्था को इस मेगा रक्तदान शिविर की सफलता की बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में रक्तदान से बढ़कर कोई भी दान ऐसा नहीं है जो कि मनुष्य को जिंदगी के आखिरी पल तक की खुशियां देता है। शिविर में सुबह से ही रक्तदानियों का आना शुरू हो गया था तथा महिला सृष्टि परिवार के सदस्य महिला सृष्टि प्रमुख डा. सीमा रघुवंशी के नेतृत्व में आगे बढ़ कर प्रत्येक रक्तदानी का गर्म जोशी से स्वागत कर रहे थे। सृष्टि फाउंडेशन के प्रधान प्रमोद बंसल ने बताया कि रक्तदानी व्यक्ति अपना रक्तदान करके अन्य व्यक्ति को जिंदगी भर की खुशियां प्रदान करता है। उन्होंने रक्तदान शिविर के निदेशक सुरेंद्र मलिक का विशेष तौर से धन्यवाद करते हुए कहा कि आज के रक्तदान शिविर को सफल बनाने में इनका विशेष सहयोग रहा है। सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने इस अवसर पर संस्था की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक व चिकित्सा शिविर का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर प्रधान प्रमोद बंसल, डा. प्रियदर्शी, वीरेंद्र मलिक, संजय सिंगला, पीयूष, अनिल मंगला, केपी सिंह, सुनील गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, परमजीत सेठी, सुनील गोयल, नितिन सिंगला, आदि रहे मौजूद।

## सीसी सड़क के साथ चैंबर बना चालू करना भूला विभाग

- जनस्वास्थ्य तथा नगर परिषद कार्य एक दूसरे का बता कर झाड़ रहे पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद ।** जमा पानी के नीचे दबे चैंबर। फोटो : हरिभूमि

नरवाना रोड पर सीसी की बनाई गई सड़क के साथ बनाए गए बरसाती पानी निकासी चैंबरों को विभाग बना कर उन्हें चालू करना भूल गया है। सड़क के दोनों और बरसाती पानी जमा हो रहा है। जिसके चलते लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क के साथ बने चैंबर खोल उन्हें चालू करने की लेकर लोग डीसी समेत अधिकारियों से मिल चुके हैं। लिखित में शिकायत भी दे चुके हैं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने समास्या के समाधान को लेकर आदेश दे चुके हैं। बावजूद इसके समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। विभाग भी एक दूसरे पर जिम्मेवारी डाल कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसका खामियाजा वहां रहने वाले लोगो को भुगतना पड रहा है। लाखो रुपये की लागत से बनी थी सीसी की सड़क नरवाना रोड पर शिवपुरी इलाके में सड़क पर बरसाती पानी जमा हो जाता था। हालात यहां तक रहते थे कि बड़े वाहनों का निकलना भी मुश्किल था। हालातों को देखते हुए लाखों रुपये खर्च नरवाना रोड पर सीसी की सडक बनाई गई थी। जनस्वास्थ्य विभाग ने सड़क के साथ पाईप लाइन डाल कर चैंबर बनाए गए थे ताकि बरसाती पानी की सडक से निकासी हो सके। नरवाना रोड पर सड़क के साथ बरसाती पानी निकासी के लिए चैंबरों को बना कर विभाग चालू करना भूल गया। चैंबर चालू न होने के कारण बरसाती पानी सड़क के साथ साइड में भी खड़ा हो रहा है। जिसके चलते लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

***विभाग एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेवारी***

शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक, लक्की, अमृत व अन्य ने बताया कि वे डीसी, जनस्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद को शिकायत दी जा चुकी है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा अधिकारियों का आदेश दे चुके हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मी पहुंचे थे। बिना समाधान किए नगर परिषद के जिम्मे छोड़ कर चले गए। नगर परिषद कर्मी चैंबर खोल कर चालू करने का जिम्मा जनस्वास्थ्य विभाग का बता रहे है। अब उनकी समस्या का समाधान कौन करेगा यह समझ मे नही आ रहा है।

## हटकेश्वर धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


हटकेश्वर धाम में पूजा करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सफीदों क्षेत्र के गांव हाट में हर वर्ष की भांति श्रावण माह के अंतिम शनिवार व रविवार को महाभारतकालीन हटकेश्वर तीर्थ पर मेले का आयोजन किया गया। शनिवार शाम को रागनी कंपीटिशन में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं रविवार को इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें कलवा गुज्जर ने इरफान को हराकर एक लाख एक हजार रुपये का ईनामी दंगल जीता। श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीददारी भी की। धाम के पवित्र सरोवर में स्नान कर श्रद्धालु दादा तीर्थ महाराज की पूजा अर्चना की। हरियाणा के अलावा दिल्ली, पंजाब व अन्य कई राज्यों से श्रद्धालु व पहलवान यहां पहुंचे। बताया गया है कि धाम में स्नान से 68 तीर्थों जैसा पुण्य प्राप्त होता है। मेले के दौरान हटकेश्वर धाम व बाबा गिरड़ी दास मंदिर में भंडारा भी चला। धाम कमेटी प्रधान बिल्लू बूरा व श्री ठाकुर शिव मंदिर समिति प्रधान बलबीर बूरा ने बताया कि हटकेश्वर धाम पर हर वर्ष सावन के अंतिम रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है। यह परमपरा वर्षों पुरानी है। शिव पुराण के अनुसार दधिची ऋषि ने हाट गांव में ही असूरों का खात्मा करने के लिए अपनी हड्डियां दान की थी। बताया जाता है। महर्षि की हड्डियों से एक वज्र बनाया गया है। जिससे दानवों का खात्मा किया गया।


**जींद ।** राखियां भेजती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन महिला विंग ने पीएम व सैनिकों को भेजी राखियां : वृंदा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा नेत्री व मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा प्रदेशाध्यक्ष वृंदा शर्मा व उनकी महिला टीम ने पीएम तथा सरहदों पर तैनात सैनिकों को राखियां भेजी हैं। उन्होने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों बधाई दी। वृंदा शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का डंका पूरे विश्व भर में बजा रहा है। वीर सैनिकों के अतुलनीय साहस के परिणाम स्वरूप भारतीय नारी का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। संगठन राखियों के माध्यम से अपना सम्मान व आभार नरेंद्र मोदी व देश की सेना के वीर जवानों के प्रति प्रकट कर रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी व देश के सैनिकों की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर स्वास्ति कौशिक, स्वीटी, मुकेश मलिक, पूनम मलिक, रेनू बाला, श्वेता मित्तल, पूजा ढुल, सीमा, कांता देवी, बबली, काफी संख्या में संगठन से जुड़ी महिलाएं मौजूद थी।

# जेजेपी समर्थक गांव हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के मुरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


**उचाना ।** लबालब पानी से भरा रजबाहा। फोटो : हरिभूमि

बरसोला माइनर, बरसोला माइनर एल 2 में लगातार करीब दो महीने से आ रहे नहरी पानी से किसानों की मौज कर दी है। किसान बोले इबकी बार रजबाहा में लगातार पानी आ रहा है। इस बार मौज सी हो गई है। बारिश कम होने से फसल को पानी की जरूरत थी। अब नहरी पानी आने से बारिश कम होने के बाद भी सिंचाई फसल की हो गई है। रजबाहा लबालब भरा हुआ चल रहा है। जो जेजेपी समर्थक गांव थे उन किसानों ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि विधायक किसानों की वो मांग पूरी की है। जिसका इंतजार 20 साल से किसानों को था। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह से मांग कर चुके थे। जो मांग बड़े नेता पूरी नहीं कर सकें वो किसान के बेटे ने विधायक बनते ही पूरी करने का काम किया है। इस बार फसल को लेकर पानी की किसी तरह की कमी नहीं रही है। बरसोला माइनर एल 1 में छात्तर, कुचराना, करसिंधु, घोघडिय़ा, कसूहन टेल एवं बरसोला माइनर गुरूकुल खेड़ा, सुदकैन, करसिंधु, बड़ौदा टेल तक पानी पहुंचता है। रजबाहा के टेल तक कभी नहरी पानी नहीं पहुंचा था। इसको लेकर किसान रोड तक जाम करते थे। इस बार टेल तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंच रहा है। किसान सतीश, कुलबीर, राजेश, बल्ली, विनोद ने कहा कि इस बार बारिश कम क्षेत्र में हुई है। रजबाहा इस बार लबालबा पानी का भरा चल रहा है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री खुद किसान के बेटे है ऐसे में उन्हें पता है कि नहरी पानी की कितनी जरूरत किसान को होती है। पहले जो नेता थे वो बातें करते थे लेकिन उन पर काम नहीं करते थे। इस बार जो विधायक बना है वो बातें कम और काम अधिक करता है।

**मांगो को पूरा करने के लिए प्रयास जारी**

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि जो जिम्मेदारी उचाना हलके ने सौंपी है वो उसको निष्ठा से निभाने का काम कर रहे है। जो कहते है कि उचाना के रजबाहों में पानी नहीं है वो उचाना में आकर देखे तो उन्हें पता चलेगा। चंडीगढ़, दिल्ली बैठ कर बयान देने से कुछ नहीं होता है। बरसोला माइनर, बरसोला माइनर एल 1 पर जो गांव है उन गांवों के किसानों ने आकर बताया है कि 20 साल के बाद इस तरह से पानी लगातार रजबाहा में आया है। ढाकल कोठी से जो रजबाहा लाने की मांग है उसको भी पूरा करने के लिए वो निरंतर कार्य कर रहे है।


**जींद ।** बैठक को संबोधित करते हुए राजेश। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा पिछडा समाज को बेवकूफ बना कर वोट ले रही : राजेश

**जींद ।** जननायक जनता पार्टी कार्यलय में बैकवर्ड समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सैनी, प्रदेश प्रभारी धर्मपाल प्रजापत ने पिछड़े वर्ग कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां ने की। पिछड़ा वर्ग के साथियों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी धर्मपाल प्रजापत ने कहा कि जब दुष्यंत चौटाला सरकार में सांझेदार थे तो उन्होंने बैकवर्ड समाज के उत्थान के लिए पंचायती राज, नगर परिषद, नगर पालिकाओं में आठ प्रतिशत आरक्षण दिला कर पिछले वर्ग का मान सम्मान बढाया था। उन्हीं के बदौलत आज कई गांव में सरपंच, पंच, जिला पार्षद, पंचायत समिति के मेंबर व नगर पार्षद बने हुए है। उन्होने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग 1980 मे लागू किया गया था लेकिन उसका विस्तारण चौधरी देवीलाल ने 1987 में किया। चौधरी देवीलाल मे पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उत्थान के लिए छात्रवृत्ति, परीक्षा व साक्षात्कार में शामिल होने के लिए मुफ्त बस की शरूआत की थी। प्रदेशाध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि बीरेंद्र सिंह डूमरखां कहते थे कि 100 करोड़ रूपये राज्यसभा का सदस्य बनते हैं।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा प्रांत की ऑनलाइन बैठक

# 600 नए सदस्य बनाने व सशक्त समाज निर्माण गतिविधियों पर जोर दें : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद ।** बैठक में भाग लेते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांत अध्यक्ष श्री नवीन जैन की अध्यक्षता मे ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन मे मजबूती पैदा करना व सदस्यता अभियान 2025, जून-जूलाई माह की गतिविधियां, अगस्त माह के अपेक्षित कार्यो पर विस्तृत जानकारी और सदस्य लक्ष्य हासिल करने हेतु कार्यकर्ताओ से संवाद किया। प्रांत संगठन मंत्री मुनेश ने बताया कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में ग्राहक है। हम हर दिन कुछ न कुछ खरीदते है। आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल जैसी समस्याओं से घिरा है। उपभोक्ता संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। उपभोक्ताओं को उनके अधिकार से जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का सराहनीय प्रयास है। बहुत कम लोग अधिकारों के बारे में पूरी तरह से जानते होंगे। ये सभी अधिकार कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत दिए जाते हैं। अपने अधिकारों के बारे में कम जानकारी होने के कारण लोग छोटी-छोटी खरीदारी में अपना नुकसान कर ग्राहक पंचायत बैठते हैं। कई बार दुकानदार कम जागरूक ग्राहक को देखकर उसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। प्रदीप बंसल, केके शर्मा, प्रमोद, सीमा शर्मा, अलका गुप्ता, लक्ष्मी सिंह चौहान आदि ने मासिक बैठक, महिला सदस्यता दिवस, चलो कार्यालय की ओर कार्यक्रम व शसक्त समाज निर्माण गतिविधियों पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया कि राइट टू से टी आपको सुरक्षा का अधिकार देता है। कोई भी दुकानदार अपने ग्राहक को खराब वस्तु नहीं दे सकता है। अगर कोई सामान खराब दिया जाता है, तो ग्राहक होने के नाते आप उसे बदलवा सकते हैं।

***ये रहे मौजूद***

कल्याण मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष हरपाल चाहर, जिला संगठन मंत्री एडवोकेट नरेंद्र अत्री, सह जिला संगठन मंत्री नथु राम गोयल, जिला सचिव सोमवीर, सह जिला सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष घनश्याम, प्रचार प्रमुख सतेन्द्र, ललित, हिमांशु, अमन, विधि प्रमुख एडवोकेट बिंदु शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुदेश सहरावत, सह पर्यावरण प्रमुख मांगेराम, महिला प्रमुख उषा गुप्ता, सह महिला प्रमुख रेखा बंसल, कार्यकारिणी सदस्य अमनदीप, रवींद्र, प्रवीण कुमार, सोनू राणा, सुनील दत्त, कर्मपाल, सतीश, गौरव, प्रीति, अर्चना, कविता ने बैठक में अपने विचार रखे। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा ओर समय-समय पर ग्राहक जागरूकता अभियान से ग्राहकों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

***यहां करें शिकायत***

एडवोकेट नरेंद्र अत्री ने बताया कि अगर ग्राहकों के अधिकारों का हनन हो रहा हो तो आप ऑनलाइन या ऑफलाइन शॉपिंग में ठगी का शिकार हुए हैं या किसी दुकानदार ने आपके साथ फ्रॉड किया है तो आपको कंज्यूमर अदालतों के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। अब आप घर बैठे ई दिशा पोर्टल पर शिकायत भेज सकते हैं। एडवोकेट बिंदू शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहकों को जागरूक करने में अपनी विशेष भूमिका निभा रहा है।

## इनेलो राष्ट्रीय सचिव ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**जींद ।** इंडियन नैशनल लोकदल पार्टी कार्यालय जींद में जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इसमें पांचों हल्का से सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती को लेकर इनेलो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला जींद जिले के तमाम हलकों में 13 व 14 अगस्त को हल्का स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगे। उसकी तैयारी को लेकर के आयोजित की गई थी। बैठक में राष्ट्रीय संगठन सचिव ने वरिष्ठ साथियों की मीटिंग लेकर ड्यूटी लगाने का काम किया।

## खबर संक्षेप

### सैकड़ों ग्रामीणों को करवाया मेडिटेशन

**नरवाना।** ब्रह्मा कुमारीज द्वारा ओम शांति कॉलोनी स्थित सेवा केंद्र पर कार्यक्रम में 14 गांवों से आई सैकड़ों महिलाओं ने मेडिटेशन द्वारा शांति की अनुभूति की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग अध्यक्षा अनुराधा मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि समाज की कोषाध्यक्ष पूजा बांसल को सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमा बहन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### पाई के थेह विडाल में दादा खेड़े पर भंडारा

**पाई।** रविवार को पाई के थेह विडाल में दादा खेड़े पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पाई के हजारों लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि थेह विडाला में एक भी घर नहीं है। बताया गया कि हजारों साल पहले यहां एक गांव हुआं करता। गांव के सभी लोग किसी कारण वंश चले गए। इस गांव को पाई ग्रामीण अपना ही गांव मानते हैं।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने किया रुद्राभिषेक का आयोजन

**कैथल।** हिन्दू धर्म में सावन माह की अपनी अलग ही विशेषता है। इस माह में मुख्य रूप से भगवान शिव की आराधना की जाती है। इस समय का पूरा लाभ उठाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसके लिए विशेष रूप से बंगलौर आश्रम से पूजा पंडित बुलाए गए। जितनी महत्वपूर्ण ये पूजा रहती है उतना ही महत्वपूर्ण मंत्रों का सही रूप से उच्चारण रहता है 1 इस पूजा के आरम्भ में स्वामी ने बताया कि जिस तरह से सावन में बीज रोपण से जल्द ही कोंपल निकलती है वैसे ही मंत्र हमारे मन मे रम कर जल्द ही फलित होते हैं

### चीका में हवन कर डाली आहुति, भंडारा लगाया

**गुहला चीका।** रविवार को चीका में दादा खेड़ा पर भंडारा लगाया गया। गांव में शांति, सद्भावना और भाईचारा बना रहे इसके लिए गांव के बड़े बुजुर्ग सीड़ा तोमर खाप के प्रधान मेहर सिंह, केहर सिंह, हरि सिंह, बलवान सिंह, नरेंद्र उर्फ काका, देवीदयाल, मास्टर महेंद्र सीड़ा ने मुख्य यजमान रुप मे हवन यज्ञ में आहुति डाली गई। हवन यज्ञ संपूर्ण होने उपरांत भंडारा शुरू किया गया। चीका खेड़ा कमेटी अध्यक्ष चरण सिंह सीड़ा ने बताया की दादा खेड़ा पर भोजन सामग्रियों का भोग लगाया गया।

### आश्रम में साप्ताहिक सत्संग में झूमे श्रद्धालु

**कैथल।** दिव्या ज्योति जागृती संस्थान आरकेएसडी कॉलेज के सामने प्रोफेसर कॉलोनी आश्रम में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी प्रीति भारती ने सत्संग विचार देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की समर भूमि भगवान श्री कृष्ण अर्जुन के समक्ष रथ पर अरुढ थे। यह वह पल था, जब वे जब वे अर्जुन को गीता के 10 अध्यायों का ज्ञान दे चुके थे। यह एक प्रकार से बदलाव की घड़ी थी। यह वे पल था थ्योरी से प्रैक्टिकल की और बढ़ने का!

---

### भाजपा कैथल कार्यालय में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' को लेकर बैठक

# नई पीढ़ी को हमारे इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास : सुभाष सुधा

**यह दिवस हमारे पूर्वजों की पीड़ा और संघर्ष की याद में श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। डॉ. कृष्ण मिड्ढा और सुभाष सुधा का स्वागत करते भाजपा नेता।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, कपिल कमल कैथल में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। बैठक में जिले के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी 14 अगस्त 2025 को फरीदाबाद में आयोजित होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। बैठक के दौरान विभाजन विभीषिका दिवस आयोजन समिति के संयोजक डॉ. कृष्ण मिड्ढा और कैथल क्लस्टर संयोजक सुभाष सुधा ने जिले से जुड़े सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपीं। डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि फरीदाबाद में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से पहले जिले में भी विभाजन विभीषिका संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता के समय हुए विभाजन की पीड़ा, बलिदान और शौर्यगाथाओं को युवाओं तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा, "यह कार्यक्रम केवल स्मृति नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को हमारे इतिहास से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें गर्व है कि हम सब इस आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं।" भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा, "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की पीड़ा और संघर्ष की याद में श्रद्धांजलि है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर अशोक गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, जसवंत पठानिया वाइस चेयरमैन डी.न.टी. बोर्ड हरियाणा, अमरपाल राणा जिला प्रभारी भाजपा, सतपाल जाम्बा विधायक पूंडरी, कर्मबीर कौल चेयरमैन जिला परिषद कैथल, सुरभि गर्ग चैरपेर्सन नगर परिषद कैथल, सुरेश संधू और मुनीश शर्मा फरल जिला महामंत्री, हिमांशु गोयल जिला मीडिया प्रभारी, अरुण सराफ, राव सुरेंद्र सिंह, राजपाल तंवर, सुभाष हजवाना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कैलाश भगत पूर्व चेयरमैन, अमरजीत छाबड़ा एंव जंगीर सिसला, मांगे राम जिंदल, कुलविंदर राणा, शैली मुंजाल, राममेहर शर्मा जिला उपाध्यक्ष व अवधेश किशोर राय, रघुबीर फौजी, रोशन सैनी, अजय प्रताप राणा, आशा रानी, हर्ष सेठी जिला सचिव, अशोक मित्तल कोषाध्यक्ष, हरिचंद जांगड़ा कार्यालय सचिव, सोनू खानपुर व सतपाल भारद्वाज जिला कार्यालय सह सचिव, रविन्द्र धीमान जिला आई टी प्रमुख, राजेश बीढां जिला सयोंजक मन की बात कार्यक्रम, अक्षरा गुप्ता, वीना सेठी, सतपाल चुघ, सतीश मुंजाल, राम भारद्वाज, आयुष गर्ग, सतबीर शर्मा व सभी मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री एंव अन्य साथी उपस्थित रहे।

---



कैथल। पूछताछ करते पुलिस टीम के सदस्य।

# क्षेत्र में संदिग्ध नशा तस्करों के घरों पर की सघन जांच

- जिला पुलिस ने "नशा मुक्त हो जिला" अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जिला पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला" अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए संदिग्ध नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन व डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की निगरानी में चलाए गए इस अभियान के तहत आमजन से सीधा संपर्क स्थापित करके संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान की गई है।

इस अभियान के तहत थाना चीका, गुहला, पूंडरी, सदर, सिविल लाइन, तितरम तथा चौकी रामथली, हरनोली व संगतरपुरा क्षेत्र में अलग अलग विभिन्न 20 टीमों का गठन किया गया, जिनमें करीब 200 पुलिस कर्मचारी व अधिकारी शामिल थे। इन टीमों ने एक साथ लगभग 200 घरों की गहनता से तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पुलिस टीमों ने गांवों में जाकर आमजन, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिली। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आमजन सहित युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया गया। एसपी आस्था मोदी ने स्पष्ट किया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेंगी। इस अभियान का उद्देश्य मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है।

---

# सामाजिक न्याय जत्था का शहर में स्वागत

- ऐसे जन जागरण जत्थों की आवश्यकता : जयपाल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल




कैथल। नगर में पहुंचा सामाजिक न्याय जत्था फोटो : हरिभूमि

जनवादी महिला समिति का सामाजिक न्याय जत्था पंचकूला से चलकर कैथल में पहुंचा। कैथल के खुराना, पाड़ला, धुदरेडी, बलराज नगर व तिलकनगर में कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां महिलाओं ने फुल मालाओं के साथ जत्थे का स्वागत किया।

जत्थे का नेतृत्व जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव उषा सरोहा, राज्य अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष अमिता, सहसचिव जरासो शर्मा ने किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सावित्री ने की और संचालन रामकली ने किया। जत्थे का स्वागत सीटू के नेता जयपाल शास्त्री ने स्वागत करते हुए कहा कि इस समय ऐसे जन जागरण जत्थों की आवश्यकता है जो महिलाओं के विरुद्ध होने वाले भेदभावों के खिलाफ आवाज उठाएं। राज्य महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति हरियाणा द्वारा संचालित सामाजिक न्याय जत्थे का उद्देश्य गीत, नाटक, नृत्य, नारे, साहित्य आदि के माध्यम से नशा खोरी, बेरोजगारी, अंधविश्वास, सामाजिक भेदभाव, रुढ़िवाद, जातिवाद व साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इस समय देश में मनुस्मृति लागू करने का प्रयास हो रहा है जिसे बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने यह कहते हुए 1927 जलाया था कि यह किताब महिलाओं व दलितों को अंधेरे में रखने वाली है। उन्होंने देश को संविधान दिया जिसमें देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार मिले। महात्मा बुद्ध, हाली पानीपती, बुल्ले शाह, सावित्रीबाई फुले, ज्योति बा फुले, फातिमा शेख, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, पंडिता रमाबाई आदि ने महिलाओं के लिए ने रास्ते खोले। आज हमने जो लड़कर हासिल किया उस पर हमला है। इस स्थिति के खिलाफ महिलाओं को एकजुट करने के लिए सामाजिक न्याय जत्था निकाला जा रहा है। जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता व कोषाध्यक्ष अमिता ने कहा कि देश की आजादी के बाद आज देश की जनता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं, भंयकर बेरोजगारी , महंगाई व सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी अपनी चरम सीमा पर है।

---

# जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर पैक्स में घुसा, किसान और कर्मचारी परेशान

- खाद-बीज आदि लेने के लिए आने वाले किसानों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद



कैथल। राजौंद पैक्स प्रांगण में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर भरा।

राजौंद के वार्ड नंबर 4 में स्थित पैक्स में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर भरने से किसानों व कर्मचारियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि साथ लगते जोहड़ का पानी अवर फ्लो होकर पैक्स के प्रांगण में घुसा हुआ है। अगर थोड़ी सी बरसात हो जाती है तो यह पानी पैक्स के अंदर भी घुस जाएगा।

बता दें कि यहां पैक्स में किसान खाद बीज आदि लेने के लिए आते हैं। लेकिन चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इतना ही नहीं यहां की गली भी पूरी तरह खराब हो चुकी है और यहां पर दो समाज के लोगों की चौपालें भी हैं। जहां कोई न कोई कार्यक्रम हर रोज होता रहता हैं। जिससे इस पानी के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम राणा ने बताया कि यहां पानी निकासी नहीं है। बाबा ऋषि नाथ का मंदिर भी यही पर है जहां प्रतिदिन श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं लेकिन गली में पानी निकासी न होने के कारण उखाड़ी गई गली को लेकर उन्हें बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। साथ लगते जोहड़ का पानी जब ओवर फ्लो होता है तो वह पैक्स के साथ-साथ गली में भी भर जाता है।

---



कैथल। हाबड़ी शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते सदस्य।

## हाबड़ी गुरुद्वारा में मुफ्त नेत्र जांच शिविर के दौरान 70 से अधिक मरीजों की जांच व दवाओं का वितरण

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी व एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन द्वारा 3 अगस्त को गांव हाबड़ी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप पटियाला आई केयर पूंडरी के सहयोग से लगाया गया, जिसमें 70 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई और सभी को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में पटियाला आई केयर से आए डॉ. त्रिवेंद्र चक्रवर्ती (ऑप्टोमेट्रिस्ट) ने बताया कि आंख है तो जहान है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को आंखों की नियमित जांच, मोतियाबिंद से बचाव, नजर की कमजोरी के इलाज आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सरपंच राजबीर कौर व सरपंच प्रतिनिधि गुरिंद्र सिंह हाबड़ी रहे। परिषद के अध्यक्ष परवीन मित्तल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर इलाज के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि उन आंखों का ख्याल जरूर रखें जिन्होंने आपको यह दुनिया दिखाई है। इस अवसर पर निधि मोहन, नवीन टाया, नेहा, नरेश शर्मा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य, हाबड़ी गांव के सरपंच अजीत सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

---

# 'छोटा खली' के नाम से मशहूर पहलवान संजय फिर से डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी



कैथल।पत्रकारों से बातचीत करते संजय पहलवान उर्फ छोटा खली।

देशभर के अखाड़ों में अपने दमखम का लोहा मनवा चुके संजय पहलवान, जिन्हें लोग छोटा खली के नाम से पहचानते हैं, एक बार फिर डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं। हिसार से सी.डब्ल्यू.ई. के पहलवान संजय ने बताया कि वे पहले भी द ग्रेट खली के पास डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. की ट्रेनिंग कर चुके हैं, लेकिन कुछ पारिवारिक और व्यक्तिगत कारणों के चलते बीच में प्रैक्टिस छोड़नी पड़ी थी।

यहां पत्रकारों से बातचीत में संजय ने बताया कि अब उन्होंने दोबारा पूरी ताकत और लगन के साथ प्रैक्टिस शुरू कर दी है और उनका सपना है कि वे एक दिन डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. रिंग में उतरें और वहां जीत हासिल कर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा मैंने देश के कई शहरों में दंगल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और अब मेरा लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराना है। संजय की कद-काठी और शैली देख लोग उन्हें छोटा खली कहकर बुलाते हैं। उनका जज़्बा और समर्पण हर युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे मानते हैं कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. की दुनिया में कदम रखने का सपना पाले संजय पहलवान ने अपने संकल्प से यह साबित कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। उनके जज्बे को देख क्षेत्रवासियों को भी उम्मीद है कि एक दिन वे भारत का नाम विश्व पटल पर चमकाएंगे। इस मौके पर उनके साथ सुरेश, धर्मपाल, कर्ण सिंह, रामदिया आदि मौजूद रहे।

---

## श्री सनातन धर्म मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापित



कैथल। श्री सनातन धर्म मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापित करते पदाधिकारी व श्रद्धालु।

**कैथल ।** कोठी गेट स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर शहर का प्राचीन मंदिर है और पूरे शहर की आस्था का केंद्र बना हुआ हैं।श्री सनांतन धर्म मंदिर में माँ भद्रकाली मंदिर ,नव दुर्गा मंदिर,शनिदेव मंदिर,पंचमुखी हनुमान,माँ अँजना मंदिर,शिव मंदिर आस्था का केंद्र हैं वहीं सभा के द्वारा फ़िजियो थेरेपी सेंटर समाज को सेवा प्रदान करते हुए चलाया जा रहा हैं । मंदिर सभा के द्वारा वृद्ध आश्रम और अनाथालय भी चलाया जा रहा है। यह समस्त जानकारी सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि सभा के द्वारा अपने धार्मिक कार्यों के अन्तर्गत आज द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई। ज्योतिर्लिंग स्थापना से पहले लगातार मंदिर प्रांगण पिछले 3 दिनों से पूजा अर्चना की जा रही थी।ज्योतिर्लिंग की स्थापना से पहले शोभा यात्रा का भी आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ कोठी गेट से हुआ।शोभा यात्रा नगर परिषद से पार्क रोड होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। ढोल-ढमाकों की थाप पर सभी श्रद्धालु भक्ति रंग से सरोबार मंदिर प्रांगण पहुंचे। सारा वातावरण देवों के देव महादेव के जयकारों से गूंज उठा।मुख्य पुजारी के रूप में पंडित ऐमना कुमार गौड़ ने सारा पूजा अर्चना का कार्य किया।

---

## उफनती नहर में स्टंट कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे युवा



कैथल। कलायत स्थित सरसा ब्रांच नहर। फोटो : हरिभूमि

**कलायत।** पिछले कुछ दिनों से कलायत स्थित सरसा ब्रांच नहर में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। इसके बावजूद, कुछ युवाओं द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती नहर में छलांग लगाने का सिलसिला जारी है। ये युवा अक्सर गहरे पानी में नहाते और खतरनाक स्टंट करते नजर आते हैं। हैरानी की बात यह है कि नहर विभाग का कार्यालय पास में ही होने के बावजूद इन युवाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल इस तरह की घटनाओं से हादसे होते हैं, जिनमें कई लोगों की जान चली जाती है। स्थानीय युवक रवि कुमार ने रविवार को कुछ युवाओं को गहरे पानी में नहाते देखा। जब उन्होंने इन युवकों को खतरे से आगाह करते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने रवि के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनका फोन छीनने की कोशिश भी की। रवि ने तुरंत पुलिस हेल्पलाइन डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के आने की खबर सुनते ही शरारती युवा मौके से फरार हो गए।

---

### सैनिक और वीरनारियों के स्वर्गवास पर 2 मिनट का मौन रखा

# पूर्व सैनिकों की मासिक बैठक में सैनिक स्कूल व केंद्रीय विद्यालय का मुद्दा उठा : जगजीत फौजी

**कारगिल विजय दिवस के सफल आयोजन पर बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल



कैथल। हनुमान वाटिका में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

हनुमान वाटिका में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की मासिक मीटिंग हुई। मीटिंग में पूर्व सैनिक और वीरनारियों के स्वर्गवास पर 2 मिनट का मौन रखा गया। मासिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।

एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने कारगिल विजय दिवस के सफल आयोजन पर सभी को एसोसिएशन एवं उपयुक्त की तरफ से सभी को मुबारकबाद दी। 8 अगस्त शुक्रवार को ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक कैथल में सब एरिया हेड क्वार्टर की टीम स्पर्श पेंशन में जो कमी है उन को दूर करने के लिए पहुंचेगीऔर जिला स्तर पर छोटी-मोटी मांगों के साथ-साथ पूर्व सैनिकों द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों में तिरंगा झंडा फहराने के आदेश जो हरियाणा सरकार द्वारा किए गए हैं। इस पर हरियाणा सरकार एवं मुख्यमंत्री का भी धन्यवाद किया। 11 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सब एरिया हेड क्वार्टर अंबाला कैंट में आ रहे हैं, उसके लिए कैप्टन नर सिंह ढुल ने मांग रखी की जिला कैथल में सैनिक स्कूल या फिर केंद्रीय विद्यालय खोला जाए ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को लाभ मिल सके।इस में केंद्रीय विद्यालय खुलने पर सैनिकों के बच्चों के साथ-साथ जिला एवं आसपास के जिलों के होनहार बच्चों को भी मौका मिलेगा, साथ ही केंद्रीय विद्यालय में शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों के पदों पर नौकरियां मिलेंगे।

**पॉलीक्लिनिक में दवाइयों के बारे में मांग रखी**

सीएसडी कैंटीन व संग्रहालय, ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में दवाइयां बारे रक्षामंत्री के सामने मांग रखने का प्रस्ताव भी पास किया। रक्षा मंत्री के सामने कैथल की ओर से बात रखने के लिए एसोसिएशन प्रधान जगजीत सिंह व महासचिव जेडब्ल्यूओ दलबीर सिंह को अधिकृत किया गया। सार्जेंट धर्मवीर सिंह ने एक समस्याओं के समाधान के लिए कमेटी गठित करने का प्रस्ताव रखा जो कि जल्द ही कर दी जाएगी। हवलदार तान सिह व सुबेदार सोम प्रकाश शर्मा ने दवाइयां बारे समस्या रखी और ब्लाक स्तर पर एसोसिएशन की कमेटी गठित करने को कहा। मीटिंग में पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर सैकड़ो की संख्या में भाग लिया।

खबर संक्षेप

### आठ को चाणक्य स्कूल में बहन मिलन समारोह



**उचाना।** आगामी आठ अगस्त को अलेवा के चाणक्य ग्लोबल स्कूल में बहन मिलन समारोह का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने बताया कि बीते साल भी रक्षा बंधन के पर्व से पहले बहन मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। हर साल इस तरह के आयोजन का फैसला लिया था। हलके के गांव.गांव से समारोह में पहुंचे कर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को महिलाएं राखी बांधेगी। अत्री ने कहा कि महिलाओं के हितों को निरंतर सर्वोपरि रखते हुए उनकी मांगों को निरंतर उठाने का काम विधायक कर रहे है। महिलाओं की जो सबसे प्रमुख मांग गांव में पीने के पानी की है उसको लेकर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को पीने के पानी के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

**जींद।** राजकीय आईटीआई में चार अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है। प्रधानाचार्य नरेश पांचाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी। इनमें जेसीबी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मुख्य रूप से शामिल है। कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस रोजगार मेले में आईटीआई पासआउट एवं अपीयरिंग छात्राएं भाग ले सकती हैं। यह मेला विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है ताकि उन्हें औद्योगिक क्षेत्रों में करियर बनाने का सशक्त अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है ।



**उचाना।** फुटबॉल अंडर 17, 14 के विजेता खिलाड़ी।

### फुटबॉल में प्रतियोगिता में उचाना खुर्द बना विजेता

**उचाना।** खरकभूरा में चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना खुर्द की फटबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। अंडर 17, अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षक सुरेश कुमार, प्रवक्ता जयबीर श्योकंद ने बताया कि अंडर 17 में काकड़ोद को 3-0, अंडर 14 में ओम इंटरनेशनल को 3-1 से हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निरंतर फुटबॉल के खेल में स्कूल के विद्यार्थी जीत दर्ज कर रहे है। अब जिलास्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## रजनाखुर्द में जनसभा को किया संबोधित

# आम आदमी को मिल रहा सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभः पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में शिरकत करते हुए हरियाणा के पंचायत एवं विकास तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

हरियाणा के पंचायत एवं विकास तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में विकास की नई व्यवस्था कायम की गई है। विकास परियोजनाओं का लाभ अब प्रदेश के सभी इलाकों को निष्पक्ष तरीके से बराबर मिल रहा है। जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों का फायदा गरीब परिवार के घर तक पहुंचा है। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित बजट का एक-एक पैसा पारदर्शिता के साथ गांव के विकास पर खर्च किया जा रहा है। गत समय में सरकारी नौकरियों में दलाली, रिश्वतखोरी तथा सिफारिश का बोलबाला था। इस कुप्रथा को पूर्णतया खत्म किया है तथा शिक्षित युवाओं को वर्तमान में सरकारी नौकरियां उनकी योग्यता के आधार पर मिल रही है। मंत्री कृष्णलाल पंवार शनिवार को विधानसभा हलका के गांव रजानाखुर्द में आयोजित ग्रामीण जनसभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दो लाख 65 हजार से बने बस अड्डा व लगभग साढ़े 41 लाख रुपये की लागत से बने तालाब के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया तथा गांव में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ई रिक्शा की चाबी भेंट कर स्वच्छता अभियान को गति दी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना, सरपंच सुरेश जागलान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी सभी मांगों को पूरा करने व गांव में हाल के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जींद से पानीपत की सड़क का चौड़ा व मजबूत बनाया जाएगा इस विकास परियोजना पर लगभग 184 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने सड़क परियोजना के संदर्भ में बताया कि दरियापूर गांव से पानीपत तक सड़क को चार मार्गीय व दरियापुर से जींद तक 10 फूट चौड़ा किया जाएगा। इसकों लेकर जल्द ही औपचारिकताएं पूरी कर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा बरसाती सीजन पूरा होते ही सड़कों का सुधारीकरण किया जाएगा। उन्होंने रजाना खुर्द में बने तालाब के सौंदर्यकरण की सराहना करते हुए कहा कि रजाना खुर्द का यह तालाब प्रदेश में अग्रणि तालाबों में से एक है। आज प्रदेश के अन्य गांवों में भी इसी की तर्ज पर तालाबों का जिर्णोद्वार ग्राम पंचायतों द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में प्रदेश के 2200 तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा चुका है, जिसका 15 अगस्त को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई वर्षो से कुछ लोगों द्वारा पंचायती भूमि पर कब्जा कर मकान बनाए गए थे इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 500 वर्ग गज तक जमीन पर बने मकानों को सरकारी शुल्क भरवा कर उनको मालिकाना हक दिलवाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को प्लाट दिलवाने के लिए सरकार के पास प्रदेश की तीन हजार ग्राम पंचायतों का प्रस्ताव आया है इसके लिए जरूरतमंद परिवारों को छोटे गांव में 100-100 गज, बड़े गांव में 50-50 गज तथा शहरी क्षेत्र में 30-30 गज के प्लाट उपलब्ध कराए जाएगें तथा इनमें मकान बनाने के लिए करीब अढाई लाख रुपये की ऋण राशि भी दिलवाई जाएगी। प्रदेश के एक लाख 80 हजार रुपये आमदनी के जरूरतमंद लोगों के लिए सोलर पैनल दिलवाए जाएगें, इसके लिए सरकार ने लगभग 100 करोड़ राशि का प्रावधान किया है। डेरा व ढाणियों में बसने वाले परिवार को बिजली कनेक्शन, उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच के कुछ विपक्षी नेता प्रदेश में बह रही विकास की गंगा को हजम नहीं कर पा रहे हैं और आए दिन ऊल जुलूल बयान बाजी करते रहते हैं। विपक्षी दिखावे के तौर पर किसानों पर राजनीति करते हैं जबकि गत समय में प्रकृति आपदाओं के दौरान मुआवजा के नाम पर किसानों के साथ खिलवाड़ किया जाता था। गांव पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का ग्रामीणों द्वारा पगड़ी, शाल, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के जिला प्रधान तेजेंद्र ढूल, जिला महामंत्री जितेंद्र रोड, गौरव भारद्वाज, जसमेर रजाना, सरंपच सुरेश जागलान, हवा सिंह देशवाल, जींद के मनोनित पार्षद रामेहर ठेकेदार, नारायण दत्त शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ जिला प्रशासन से जिप सीईओ अनिल कुमार दून, बीडीपीओ नरेश शर्मा सहित सम्बधित विभागों के अन्य अधिकारी शामिल रहे।



**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी।

# सामाजिक रुप से जागरूक हो रहा बीसी वर्गः सैनी

- हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त का बैरागी समाज ने से जींद में किया नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोगों में आज संवैधानिक और सामाजिक जागृति आ रही है। आज समाज के लोग बड़े.बड़े पदों पर विराजमान हो रहे हैं। यह सिलसिला रुकना नहीं चाहिएए बल्कि एकजुटता के साथ और भी जागरूक होकर युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने में पूरी जीजान लगानी चाहिए। कर्मवीर सैनी रविवार को जींद शहर की बैरागी धर्मशाला में बैरागी समाज द्वारा आयोजित अपने अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री रामकिशन बैरागी ने कीए जबकि मंच संचालन डा. नरेश बैरागी ने किया। समारोह में कनाडा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष के सलाहकार गुलाब सैनी विशेष तौर पर शामिल हुए। इस दौरान आयोजकों द्वारा हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी कर्मवीर सैनी का फूलमालाओं, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, चद्दर इत्यादि से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और भविष्य में जरूरत पडऩे पर समाज की ओर से हर संभव सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया। अपने संबोधन में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि अतीत में सामंतवादी और जागीरदारों ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को जमकर शोषण किया। उसके बाद अंग्रेजों ने भी शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन पिछड़ा वर्ग के कर्मठ लोग अपनी मेहनत और महापुरुषों के दिखाये रास्ते पर चलते हुए आगे बढ़ते गए। जिसके परिणाम स्वरूप आज पिछड़ा वर्ग के लोग किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि समाज में आगे बढऩे के साथ.साथ वे सामाजिक बुराइयों को जड़ मूल से समाप्त करने का भी प्रयास करें। क्योंकि आज नशाखोरी से समाज खोखला होता जा रहा है।

# दक्ष प्रजापति जयंती समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

## संजीव गंगवा ने दिए 11 लाख और विधायक जांबा ने की 5 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

गुरु दक्ष प्रजापति धर्मशाला मंदिर जन कल्याण समिति फतेहपुर की ओर से माता मनसा देवी मंदिर परिसर में रविवार को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस आयोजन में सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा ने मंच से समाजहित में 11 लाख रुपये देने की घोषणा की, वहीं हलका विधायक सतपाल जांबा ने 5 लाख रुपये देने का ऐलान किया। दोनों अतिथियों की घोषणाओं से समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। समारोह की अध्यक्षता अशोक वर्मा सिरसा ने की जबकि उपाध्यक्षता वीरभान शेरसिया और प्रधान रामरूप बाले ने की। कार्यक्रम के दौरान जन कल्याण समिति द्वारा एक मांग पत्र भी मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया, जिसमें समाजहित से जुड़ी अनेक आवश्यकताओं और सुविधाओं की मांगों का विस्तार से उल्लेख किया गया। इन मांगों में मंदिर परिसर के विकास, समाज भवन के विस्तार, युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार से जुड़ी पहलें प्रमुख रहीं। पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, संजय प्रजापति सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर रागिनी कलाकारों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़ी शानदार प्रस्तुतियां दीं, वहीं धार्मिक भजनों और हवन के आयोजन से वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधान रामरूप बाले ने सभी आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और मंच से उनका आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मबीर प्रजापति ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। आयोजन में जिले सिंह नंबरदार, सुभाष चंद ट्यौंठा, मेहशी फतेहपुर, अनिल बात्ता, सरोज करोड़ा, मास्टर अर्जुन सिंह, सिंदर सिंह, ओमप्रकाश, रामपाल हलवाई इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बसवा का 9वां स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** युवाओं को सम्मानित करते पदाधिकारी

रविवार को बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (बस्वा) ने डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन, जुलानी खेड़ा में अपना 9वां स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में 113 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. राज रूप फुलिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नशा छोड़ो, जिंदगी बचाओ, शिक्षा पाओ/" अभियान की सराहना की, जिसके माध्यम से बसवा टीम युवाओं को जागरूक कर रही है। सरपंच नरेंद्र सिंह, डॉ. राजेंद्र मडाड, डॉ. दयानंद मेहरा, रामनिवास मोहड़ी, रामेश्वर सिरोही, दलवीर राठी और महावीर रवी शामिल थे। डॉ. राजेंद्र मडाड ने युवाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। गुरुदेव बडसीकरी ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि हर गांव में खाली पड़ी चौपालों में पुस्तकालय खोले जाने चाहिए। इससे युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# कांग्रेस के शासनकाल में नौकरियों की लगती थी खुली बोलीः गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों के गरीब और वंचित परिवारों को वह हक दिलाया है, जिसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। उन्होंने कहा कि पहले जो लोग सरपंच को वोट नहीं देते थे, उनसे जबरन जगह खाली करवा ली जाती थी, लेकिन अब ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि भाजपा सरकार ने हर गरीब को उसका मालिकाना हक देकर उसे मजबूती प्रदान की है। यहां पत्रकारों से बातचीत में संजीव गंगवा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय भाई-भतीजावाद और सिफारिश का बोलबाला था। नौकरियां खुलेआम बिकती थीं, लेकिन जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से नौकरियां बिना पर्ची, बिना खर्ची के मिल रही हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ उन गरीब परिवारों के होनहार बच्चों को मिला है, जिनके पास न तो पैसे थे और न ही कोई सिफारिश। आज वे बच्चे अपने दम पर सरकारी नौकरी पा रहे हैं। संजीव गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग की परंपराओं और आस्था का सम्मान कर रही है। अब किसी भी जाति या बिरादरी के महापुरुषों की जयंती केवल समाज तक सीमित नहीं रहती।

# माता मनसा देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते पुजारी संजीव कुमार।

आज नौंवी के पावन अवसर पर फतेहपुर स्थित प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालु बड़ी संख्या में परिवार सहित पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पुजारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शुभ दिन को लेकर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हवन, दुर्गा पाठ, माता की आरती और प्रसाद वितरण प्रमुख रहे। मंदिर कमेटी प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। फूलों की सजावट, रंग-बिरंगी रोशनियों और भव्य झंडियों से सजा मंदिर भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यापक व्यवस्था की गई, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। संजीव वालिया ने यह भी बताया कि माता मनसा देवी का यह पावन स्थान केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का भी प्रतीक है। मंदिर कमेटी द्वारा परिसर के निरंतर विकास और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें श्रद्धालुओं का सहयोग भी सराहनीय रहा है। पूरे दिन मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने माता की भक्ति में लीन होकर नवरात्रों की नौंवी पर आशीर्वाद प्राप्त किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और माता के चरणों में अपनी श्रद्धा प्रकट की। यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता और एकजुटता का भी जीवंत उदाहरण है।



## खंड स्तरीय खेलों में एचपीएस घोघड़िया का शानदार प्रदर्शन

**उचाना।** खरकभूरा खेल स्टेडियम में खंड स्तरीय प्रतियोगिता में सरस्वती पब्लिक स्कूल घोघड़िया के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। डीपीई वीरेंद्र बूरा ने बताया कि अभी तक हुए लड़कों के विभिन्न मुकाबले में स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कबड्डी अंडर 14 में प्रथम स्थान, अंडर 17 में द्वितीय स्थान, खो-खो अंडर 17 में द्वितीय स्थान, स्विमिंग अंडर 17 में अनुज पुत्र संजय प्रथम स्थान, वेट लिफ्टिंग अंडर 17 नेविश पुत्र रामनिवास प्रथम स्थान, लंबी कूद अंडर 19 अनिकेत पुत्र बिजेंद्र द्वितीय स्थान, अंडर 14 नवदीप पुत्र दलवीर प्रथम स्थान, कुश्ती अंडर 14 अभिनव पुत्र वीरेंद्र द्वितीय स्थान, अंडर 19 आर्यन पुत्र दिलबाग प्रथम स्थान, भाला फैंक में आर्यन पुत्र वीरेंद्र द्वितीय स्थान, रूबल पुत्र सुनील द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रघुबीर बूरा ने सबका विद्यालय प्रांगण में पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, जगबीर पांचाल, ज्योति खटकड़, रेखा दलाल, सुनीता शर्मा, प्रोमिला बूरा, सुभाष, सुमित, प्रियंका, अंजू, आशार दीपक मौजूद रहे।

**अभियान** जिले के 932 सरकारी एवं निजी विद्यालयों को 93200 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला

# चार से 10 अगस्त तक पौधरोपण को लेकर मिशन मोड पर कार्य करें खंड शिक्षा अधिकारीः डॉ विजय लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एक पेड़ मां के नाम 2.0/" अभियान में कैथल के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीईटो डॉ विजयलक्ष्मी ने कहा कि 4 से 10 अगस्त तक सभी खंड शिक्षा अधिकारी पौधारोपण को लेकर मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि जिला कैथल के सरकारी एवं निजी 932 विद्यालयों में यह अभियान चलाया जाना है। जिला कैथल सरकारी एवं निजी विद्यालयों को 93200 पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला कैथल में सरकारी एवं निजी 932 स्कूल हैं प्रत्येक विद्यालय को 100 पौधों का लक्ष्य दिया गया है।

डीईओ डॉ विजय लक्ष्मी ने बताया कि अब तक जिला कैथल के सरकारी एवं निजी विद्यालयों ने 14256 पौधे लगाए हैं जो लक्ष्य का 15% है जो की बहुत कम है 10 तारीख के बाद सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की पौधारोपण को लेकर समीक्षा बैठक ली जाएगी।

### नोडल अफसर नियुक्त

जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने जानकारी देते हुए बताया कि ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत प्रत्येक खंड में क्लब के नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। सभी अपने-अपने खंड की रिपोर्ट की निगरानी रखें जहां पौधारोपण कम हो रहा है उसको टेलिफोनिकली मैसेज देकर पौधारोपण की गति को बढ़ाएं ताकि लक्ष्य को जल्द प्राप्त किया जा सके।

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल /"एक पेड़ मां के नाम 2.0/" के तहत पूरे हरियाणा राज्य में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कैथल को 93,200 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण की फोटो और विवरण माइक्रोसाइट पर तुरंत अपलोड करें साथ ही प्लांटेशन डाटा का समय पर अपलोड अनिवार्य है किस विद्यालय ने कितने पौधे लगाए हैं। इसकी जानकारी पोर्टल से निकाली जा सकती है सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने खंड के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय द्वारा 100 पौधारोपण का लक्ष्य जो दिया गया है, उसे पूरा करवाना सुनिश्चित करेंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में बताया कि जिसमें छात्र अपनी माता के साथ मिलकर पौधारोपण कर रहे हैं और आगे चलकर इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

यह अभियान /"इको क्लब फार मिशन लाइफ/" के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल पौधारोपण किया जा रहा है, बल्कि छात्रों को पर्यावरण से जोड़ने और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम भी उठाया जा रहा है। जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक सरकारी और निजी विद्यालय में ईको क्लब इंचार्ज बनाया हुआ है विद्यालय मुखिया उनके सहयोग से इस कार्य को संपन्न करवा सकते हैं सबसे महत्वपूर्ण है। पौधारोपण के बाद उसे पोर्टल पर अपलोड करें पौधारोपण को किस प्रकार पोर्टल पर अपलोड करना है। इसकी जानकारी के लिए जिला कोऑर्डिनेटर पीजीटी कंप्यूटर अरुण कुमार शेरगढ़ व जिला कोऑर्डिनेटर अंजू शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।